महत्वपूर्ण / ई0मेल0

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप / अनु06 / 2024 / 8362 **लखनऊःदिनांक–** 25-11-2024

विषयः–विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर–2024 की परीक्षा के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सूच्य है कि परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर–2024 दिनांक 13–12–2024 से प्रारंभ होना प्रस्तावित है। अवगत कराना है कि संस्था लॉगिन पर दिसम्बर 2024 की विषम सेमेस्टर परीक्षा एवं विशेष बेक पेपर परीक्षा–2024 हेतु परीक्षा आवेदन पत्र उपलब्ध हैं। संस्था स्तर पर उक्त परीक्षा में सम्मलित होने वाले छात्र छात्राओं की परीक्षा शुल्क की गणना करके ट्रेजरी चालन बना कर संस्था स्तर पर सुरक्षित रख लें। परिषद स्तर पर 01 दिसम्बर 2024 के उपरांत जब आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी उसके उपरांत ट्रेजरी चालन का विवरण भरने एवं अपलोड करने की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

उपरोक्तानुसार कार्यवाही पूर्ण करने के उपरान्त ही परीक्षा आवेदन की प्रक्रिया को पूर्ण माना जायेगा एवं तदोपरांत ही संस्था के लिये अनुक्रमांक जनरेट करने, नोमिनल रोल, एडमिट कार्ड आदि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। संस्था स्तर पर परीक्षा आवेदन भरने की प्रक्रिया को अत्यंत सावधानी पूर्वक करने का कष्ट करें। परिषद स्तर पर कोई भी आवेदन निरस्त अथवा रिसेट नहीं किया जायेगा। कृपया इस हेतु कोई भी पत्राचार अथवा ईमेल ना करें।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप / अनु06 / 2024 / 8363-64 **तद्‌दिनांक–**

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः– 25-11-2024

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्यक्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

E:\semester exam june 24.docx